**Title: Need to formulate a national plan for electrification of every village in the country - Laid.**

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद):** अध्यक्ष महोदय, देश में सरकारी दावे के अनुसार सम्पूर्ण देश के ग्रामीण अंचल में 85 प्रतिशत से ऊपर विद्युतीकरण हो चुका है। कर्नाटक वह राज्य है, जहां सबसे अधिक 99 प्रतिशत गांवों में बिजली पहुंच चुकी है तो दूसरी ओर मेघालय है, जहां कि 46 प्रतिशत गांवों में बिजली आ गयी है। बिजली विकास के लिए पहली आवश्यकता है। बिजली के अभाव में देश का सर्वांगीण विकास और सरकारी लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। देश के गांवों में, घरों में बिजली राट्रीय स्तर पर कुल 30 प्रतिशत ही है। बिहार में तो ये केवल 6 प्रतिशत ही है जबकि मेरे उत्तर प्रदेश के गांवों के घरों में 11 प्रतिशत। इसी प्रकार असम, उड़ीसा, बंगाल, राजस्थान आदि प्रदेश ऐसे हैं जहां 30 प्रतिशत से भी कम घरों में बिजली का उपयोग हो पा रहा है। घरों में बिजली का उपयोग न होने के कारण मंहगी बिजली, बिजली की आपूर्ति में कमी, आदि के साथ साथ बिजली के कनैक्शन मिलने में भारी असुविधा भी है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि देश के गांवों के घरों में बिजली पहुंचाने के लिए राट्रीय स्तर पर एक व्यवस्था कायम करें ताकि देश के गांव वाले बिजली का उपयोग कर जीवन स्तर उठाने के साथ साथ अपने परम्परागत उद्योगों को आधुनिक परिवेश में सुचारू रूप से चला सकें।